## जनशिक्षक के रिक्त पदों में प्रतिनियुक्ति के लिए वरियता सूची जारी

**दावा-आपत्ति 15 सित बर तक आमंत्रित**

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि समग्र शिक्षा अभियान मिशन अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय में विकासखण्ड अकादमिक समन्वयक (बीसीए) एवं जन शिक्षक केन्द्र में जनशिक्षक के रिक्त पदों की पूर्ति प्रतिनियुक्ति से की जाना है। उच्च श्रेणी शिक्षक/माध्यमिक शिक्षक संवर्ग से प्रतिनियुक्ति जिला स्तरीय चयन समिति के माध्यम से वरियता सूची एवं दिए गए विकल्प के अनुसार पूर्ण की जाएगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग से उच्च श्रेणी, माध्यमिक शिक्षक, अध्यापक संवर्ग की वरियता सूची प्राप्त हुई है जो कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा है। विभागीय सूची अनुसार किसी भी अ यार्थी के नाम निर्देशन में किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति लगती है तो वे 15 सित बर 23 तक कार्यालय में अपना दावा-आपत्ति का निराकरण करा सकते हैं।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 135 आवेदन



सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कले ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सीएल चनाप सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जनसुनवाई में ग्राम नागदहार लखनादौन निवासी प्रधानमंत्री किसान स मान निधि की राशि दिलाए जाने विषयक, ग्राम लोनिया निवासी शिवकुमार विश्वकर्मा द्वारा खाद्यान्न पर्ची बनाए जाने विषयक, ग्राम हिवरा निवासी निरंजन बघेल द्वारा जंगली जानवरों द्वारा हुई फसल क्षति का मुआवजा दिलाए जाने विषयक, छपारा निवासी हीरालाल धुर्वे द्वारा निवासरत भूमि का पट्टा प्रदाय किए जाने विषयक, ग्राम तिलेपानी निवासी प्रेमकुमार धुर्वे द्वारा संबल योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम सागर निवासी शिवकुमार सनोड़िया द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने, ग्राम बिछुआ बर्रा निवासी नीलम सोलंकी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम देवरीमुल्ला निवासी आवेश अंसारी द्वारा मक्का फसल खरीदी का भुगतान नहीं मिलने की शिकायत विषयक, ग्राम हिनोतिया निवासी राहुल श्रीवास द्वारा बीमारी के ईलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाए जाने विषयक, ग्राम साल्हेखुर्द बरघाट निवासी जगन्नाथ ठाकरे द्वारा मु यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक सहित कुल 135 आवेदन जनसुवाई में प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कले टर श्री सिंघल ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## नगर में मच्छरो का प्रकोप परिषद की नई फागिंग मशीन धूल खा रही



छपारा यशोः- वर्तमान बरसात के मौसम में मच्छरो का जमकर प्रकोप परिषद क्षेत्र में देखा जा रहा है वही मौसमी बुखार के मरीज लगातार बढ़ रहे है, जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई भी प्रयास नही किए जा रहे हैं। नगर में साफ सफाई का आलम यह है कि नगर की मु य सड़क को छोड़कर अन्य सभी वार्ड की सड़को पर कभी झाड़ू भी नही लगती।

स्थानीय प्रशासन के नकारापन के चलते इस समय स पूर्ण परिषद क्षेत्र में मच्छरो का आतंक है वहीं दूसरी ओर नगर परिषद के सुस्त रवैया के चलते अभी तक फागिंग मशीन नहीं चलाई गई, वही देखा गया कि पिछले एक सप्ताह से नगर परिषद कार्यालय में मच्छर मे खी की रोकथाम हेतु नई फागिंग मशीन की खरीदी भी हो चुकी है, जिसे लेकर बताया जा रहा है की मशीन को इंस्टालेशन करने के लिए भोपाल से संबंधित जानकर व्यक्ति को बुलाया गया है। वही परिषद के जि मेदारों से जानकारी मिली कि मशीन पर डाली जाने वाली दवा स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जाती है जिसे लेकर पूर्व में जिला स्वास्थ्य विभाग को सूचित कर दवा पहुंचाने का कार्य होता है जो अभी तक नहीं हो पाया है ज्ञात हो कि वर्तमान में नगर सहित क्षेत्र में मच्छरों की सं या बहुतायत में हो गई है वहीं नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डेंगू मलेरिया की जांच हेतु प्रतिदिन 20-22 सैंपल पहुंच रहे हैं जहां जुलाई और अगस्त माह में मलेरिया के एक भी जांच में नहीं मिलने से राहत की बात है वहीं दो व्यक्तियों की रिपोर्ट डेंगू पाजिटिव आई है, साथ बायरल फिवर ने पिछले डेढ़ महीने से जोरों पर है फागिंग मशीन को जुलाई माह के अंत तक घूमाया जाने का था किंतु इस काम को नगर परिषद द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया।

## लेखन सामग्री हेतु निविदा आमंत्रित

सिवनी यशोः- कार्यालय कले टर एवं अन्य शासकीय विभागों के उपयोग हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए लेखन सामग्री क्रय किए जाने के लिए लेखन सामग्री विक्रेताओं से सामग्री प्रदाय करने हेतु सशर्त सीलबंद निविदा 18 सित बर 23 सांय 5 बजे तक कार्यालय कले ट्रेट अधीक्षक कक्ष में आमंत्रित की गई है। प्राप्त निविदाएं 19 सित बर को दोपहर 3 बजे कार्यालय अपर कले टर कक्ष में खोली जाएंगी। उक्त संबंध में विस्तृत जानकारी कले ट्रेट कार्यालय अधीक्षक कक्ष से प्राप्त की जा सकती हैं।

## खेलो एमपी यूथ गे स 2023 का विकासखंड छपारा में हुआ आयोजन



छपारा यशोः- खेलो इंडिया यूथ गे स की तर्ज पर मध्य प्रदेश में ÷खेलो एमपी यूथ गे स÷ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिला कले टर के दिशा निर्देशन एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के उचित मार्गदर्शन में खेलो एमपी यूथ गे स 2023 के लिए विकासखंड छपारा मैं भी आयोजन हुआ।

जिसके तहत सोमवार 11 सितंबर को सुबह से देर शाम तक प्रदेश में प्रचलित 18 खेल में सिले शन ट्रायल किया गया, जो आगामी समय में जिले स्तर पर प्रदर्शन करेंगे इसके अंतर्गत बालक एवं बालिका वर्ग को खेल खिलाए गए।

उक्त आयोजन में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो, एथलेटि स, हॉकी, कुश्ती, बास्केटबॉल, शतरंज, तैराकी, योग, बॉ सिंग, जूडो, मलखंब, बैडमिंटन, वेटलि टंग, टेबल- टेनिस, टेनिस जैसे खेलों का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 250 खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमे लगभग 90के आसपास बच्चो का चयन जिले के लिए हुआ ओम कुमार शिवे समन्वयक विकासखंड सिवनी (प्रभारी विकासखंड छपारा) ने बताया कि प्रतियोगिता को चयन समिति द्वारा चयन ट्रायल लेकर जिले हेतु चयन किया गया जिसमें नोडल अधिकारी छपारा सीएम राइस विद्यालय के प्राचार्य एम.के.रहमतकर, सहायक नोडल अधिकारी गुलाम कादिर खान कीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय छपारा, अनिल साहू सेवा निवृत्त शिक्षक एवम उत्कृष्ट खिलाड़ी, शिरीष तिवारी पीटीआई सीएम राइस स्कूल, बी.के.चौकसे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चमारी, श्रीमती राजकुमारी भलावी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपारा, नारायण सिंह प्रजापति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोडिया माल,अतुल श्रीवास्तव वरिष्ठ खिलाड़ी (शिक्षक), प्रियांशु चौहान वरिष्ठ खिलाड़ी, एनोस बाबा दास पीटीआई आईपीएस सिवनी, ओवेद लाजरस वरिष्ठ खिलाड़ी द्वारा चयन ट्रायल संपन्न किया गया सभी खिलाड़ियों को जिला सिवनी में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी गई!

## मिट्टी की प्रतिमा है शास्त्र स मत - मातृशक्ति संगठन

सिवनी यशोः- धार्मिक उत्सवों में गरिमा और विधि विधान से पूजन करने का विशेष महत्व होता है लेकिन आधुनिक और डिजिटल युग मे पार परिक त्यौहार अपनी महत्ता और धार्मिक महत्व खोते जा रहे हैं इसी मुद्दे पर प्रतिवर्ष के तरह इस वर्ष भी इस ओर ध्यान आकर्षित करते हुए मातृशक्ति संगठन धार्मिक त्यौहार को पूर्ण गरिमा और विधिविधान से मनाने की अपील करते हुए पर्यावरण बचाने का संदेश आमजन तक पहुंचा रहा है पौधा रोपण मात्र कर देना पर्यावरण को कैसे सुरक्षित कर सकता है जब तक पर्यावरण के भयावह दुश्मन पॉलीथिन,थर्माकोल जैसे हानिकारकों का उपयोग बंद नहीं हो जाता इस ओर हम सभी को प्रतिबद्ध होना पड़ेगा जिसके लिए भी संगठन ने समय समय पर अनेक कदम उठाए है।

मातृशक्ति संगठन आमजन मानस से अपील कर रहा है कि देश भर में लगभग 127 सालों से मनाए जा रहे गणेश उत्सव में घर घर स्थापित की जाने वाली प्रतिमाएं प्रारंभ में मिट्टी से निर्मित की जाती थी जो आज प्लास्टर ऑफ पेरिस के साथ सिंथेटिक रंगों से जो पानी में नहीं घुलते से बनाई जा रही हैं जिससे पर्यावरण प्रदूषण के साथ नदियों और तालाबों में प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति विसर्जन से जलीय जीव जंतुओं की जान को खतरा तो होता ही है साथ ही जल स्रोतों की गुणवत्ता भी कम होती है।

संगठन का मानना है कि सनातन धर्म में वैसे भी शास्त्रों के अनुसार पूजन के लिए प्रतिमा का निर्माण मिट्टी से ही करना चाहिए। जिस तरह शिव अभिषेक के लिए मिट्टी के शिवलिंग बनाये जाते है उसी तरह गणेश प्रतिमा निर्माण के लिए भी नदी तट की मिट्टी से धन धान्य एवं खेत की मिट्टी से मनोवांछित लाभ की प्राप्ति होती है वहीं कुछ वर्षो से तो मूर्ति विसर्जन डी जे की धुन पर शराब के नशे में फूहड़ नृत्य प्रदर्शन कर दो तीन दिन तक करते रहने को भी संगठन गलत बताते हुए उत्सव समितियों से भी मूर्ति विसर्जन को मुहूर्त अनुसार एक ही दिन में पारंपरिक तरीके से करने की अपील करता है।

# कृमि नाशक गोली का स्कूली बच्चो को सेवन कराया गया

### शासकीय तिलक हाई स्कूल के बच्चो को कृमि नाश की गोली का सेवन कराकर की गई अभियान की शुरूआत



सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस 12 सित बर के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जिले में अभियान के अंतर्गत समस्त विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से 1-19 वर्ष के बच्चों किशोर/किशोरियों को एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. गोली का सेवन कराया गया।

अभियान के अंतर्गत आज राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 12 सित बर के अवसर पर संपूर्ण जिले में राष्ट्रीय कृमिनाशन दिवस का आयोजन किया गया। कृमिनाशन दिवस का शुभारंभ शासकीय तिलक हाईस्कूल सिवनी के छात्रों को कृमिनाश गोली ऐल्बेन्डाजाल का सेवन कराकर किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्ता को समझाते हुए बच्चों में कृमि नियंत्रण के फायदे भी बताये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के अवसर पर स पूर्ण जिले के सभी शासकीय/प्रायवेट स्कूलो, आगनवाडी केन्द्रो में अध्यनरत छात्र/छात्राओं को शिक्षको, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के द्वारों एल्बेंडाजॉल की गोली का सेवन कराया गया। यह मीठी गोली बच्चो को चबाकर खिलाई जा रही है। 1 से 2 वर्ष आयुवर्ग को एल्बेंडाजॉल 400 मि.ग्रा. की आधी गोली चूरा करके पीने के साफ पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष आयुवर्ग को पूरी गोली चूरा करके पीने के साफ पानी के साथ तथा 3 से 19 वर्ष आयुवर्ग को पूरी गोली चबाकर पीने के साफ पानी के साथ सेवन कराई जा रही है।

डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि ऐसे बच्चे जिनके पेट में कृमि है उन बच्चो में गोली खाने के बाद कुछ सामान्य प्रतिक्रिया जैसे जी मचलाना उल्टी लगना, पेट दर्द, दस्त जैसे लक्षण दिखाई दे सकते है जो कि आधे से एक घंटे के अंदर समान्य हो जाते है इसके लिये सभी स्कूलो में ओ.आर.एस. पैकेट, उल्टी, पेट दर्द एवं ऐंटी एलर्जेटि दवाए सभी स्कूलो में प्रदाय कर शिक्षको को प्रशिक्षित किया गया है जो आवश्यकतानुसार बच्चो को दवा दे सकते है।

उक्त कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर.के.धुर्वे, डब्ल्यूज एच.ओ.से डॉ. अविनाश कनेरे, जिला विस्तार एवं माध्येम अधिकारी शांति डहरवाल, डीपीएचएनओ एम.एन.जोसफ, डॉ. पुरूषोत्तम डहेरिया, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक संजय मानेश्वर, एलडीएमआईएस धनीराम ब्रोकर, संस्था प्रधान पाठक कल्पना सैनी, मा.शि. संध्या राय, दीप्ती गोल्हानी, ममता राहंगडाले, गीता सनोड़िया, रीत लूथरा, सहायक शिक्षक एम.एस.बघेल, विकास जैन, कृष्णं कुमार साहू तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहें।

## 19 जिलों के 8 हजार दिव्यांग और वरिष्ठजन को मिलेंगे साढ़े 9 करोड़ के उपकरण

**17 सित बर को लगेंगे उपकरण वितरण शिविर**
**देश में चयनित 74 जिलों में से 19 मध्यप्रदेश के**

भोपाल। मध्यप्रदेश के 19 जिलों के 8 हजार 277 दिव्यांग और वरिष्ठजन को 9 करोड़ 53 लाख 79 हजार रूपये लागत के सहायक उपकरण मिलेंगे। इससे हितग्राहियों का जीवन आसान हो जायेगा। इन जिलों का चुनाव केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने एडिप (स्कीम ऑफ असिस्टेंस टू डिसेबल्ड पर्सन फॉर परचेज/फिटिंग ऑफ एडस एण्ड एपलॉइनसेस) और राष्ट्रीय वयोश्री योजना में किया है।

आगामी 17 सित बर को अशोकनगर, टीकमगढ़, शिवपुरी, इंदौर, खंडवा, उमरिया, कटनी, नर्मदापुरम, गुना, निवाडी, नीमच, डिण्डौरी, अलीराजपुर, विदिशा, मंडला, सीधी, छतरपुर, श्योपुर और भोपाल में दिव्यांग और वरिष्ठजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 17 सित बर को 19 जिलों में दिव्यांगजन और वरिष्ठजनों के लिए शिविरों लगेंगे।

इनमें भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सहायक उपकरणों का वितरण किया जायेगा। अर्जुन पोर्टल के माध्यम से होने वाले वितरण कै प में सहायक उपकरणों की प्रविष्टि स्पर्श पोर्टल पर कराई जायेगी। उपकरण मिलने से इनका जीवन असान हो जायेगा।

**चयनित 19 जिले**

टीकमगढ़ जिले में 1201 हितग्राहियों को एक करोड़ 21 लाख 49 हजार, अशोकनगर में 391 को 42 लाख 13 हजार, शिवपुरी में 716 को एक करोड़ 24 लाख 89 हजार, इंदौर में 318 को 11 लाख 18 हजार, खंडवा में 374 को 18 लाख 60 हजार, उमरिया में 333 को 31 लाख 81 हजार, कटनी में 609 को 66 लाख 30 हजार, नर्मदापुरम में 918 हितग्राहियों को 84 लाख 5 हजार रूपये लागत के सहायक उपकरणों का वितरण होगा।

गुना में 300 हितग्राहियों को 40 लाख, निवाडी में 332 को 51 लाख 62 हजार, नीमच में 194 को 36 लाख 11 हजार, डिंडौरी में 405 को 33 लाख 13 हजार, अलीराजपुर में 253 को 45 लाख 50 हजार, विदिशा में 269 को 41 लाख 80 हजार, मंडला में 536 को 62 लाख 47 हजार, सीधी में 355 को 51 लाख 19 हजार, छतरपुर में 306 को 15 लाख 46 हजार, श्योपुर में 217 को 51 लाख 6 हजार और भोपाल में 250 हितग्राहियों को 25 लाख के उपकरण वितरित किये जायेंगे।

## अंडर 11 चेस प्रतियोगिता छिंदवाड़ा में तीसरे स्थान पर रहे आयुष डेहरिया



सिवनी यशोः- 10 सितंबर को छिंदवाड़ा के ओलंपिक स्टेडियम में चेस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें सिवनी के आयुष डहेरिया पिता राकेश डेहरिया निवासी जनता नगर सिवनी ने अंडर -11 वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा अपने स्कूल के साथ-साथ पूरे जिले का नाम रोशन किया आयुष को छिंदवाड़ा के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू जी के द्वारा नगद राशि एवं मेडल से पुरस्कृत किया गया उनकी इस उपलब्धि पर डी पीसी ऐ सीलेंस स्कूल के प्रिंसिपल श्री के के चतुर्वेदी एवं परिवारजन ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है

# मोदी जी के सपनों के नए भारत के निर्माण के लिए डबल इंजन सरकार जरूरीः डॉ प्रमोद सावंत

## ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान गोवा के मु यमंत्री ने ली पत्रकारवार्ता




ग्वालियर। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार बीते 9 सालों से पूरे देश को विकास के रास्ते पर बढ़ा रही है। कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसी अनेकों योजनाएं प्रधानमंत्री जी ने शुरू की हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने आजादी के अमृतकाल में नए भारत के निर्माण की बात रखी है। लेकिन नए भारत के सपने के साकार होने के लिए डबल इंजन सरकार का होना जरूरी है। मैं मध्यप्रदेश की जनता से आह्वान करता हूं कि नए भारत के निर्माण के लिए एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को चुने। प्रदेश में निकल रही जन आशीर्वाद यात्राओं को जिस तरह से जनता का समर्थन मिल रहा है, उसे देखते हुए यह स्पष्ट है कि प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनेगी। यह बात गोवा के मु यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने मंगलवार को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान ग्वालियर में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कही।

**जी-20 समिट को मिली अभूतपूर्व सफलता**

डॉ. सावंत ने कहा कि जी-20 समिट के सफल आयोजन के लिए मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। कई मायनों में इस समिट का आयोजन अभूतपूर्व रहा है। इस समिट का जो संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया गया है, वह भी काफी महत्वपूर्ण है। उसमें वैकल्पिक ऊर्जा के लिए जो बातें शामिल की गई हैं, वो गोवा के रोड मैप पर आधारित हैं। गोवा में भी वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में बहुत काम हो रहा है। जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार जताता हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही योजनाओं को अंत्योदय के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए मध्यप्रदेश में सरकार और संगठन मिलकर काम कर रहे हैं। चाहे गरीब कल्याण योजना हो, या प्रधानमंत्री आवास योजना हो, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना हो, हर योजना को जनता तक पहुंचाने में प्रदेश सरकार और पार्टी कार्यकर्ता मिलकर काम कर रहे हैं। यही वजह है कि आयुष्मान भारत जैसी योजना का लाभ प्रदेश के 3.60 करोड़ लोगों को मिल रहा है।

**कांग्रेस हाथ दिखाती है, भाजपा लाती है जनहित की योजनाएं**

डॉ. सावंत ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे ग्वालियर की धरती पर आने का मौका मिला, जहां पर पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हमारी सरकार 18 सालों से अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर ही काम कर रही है। यहां भाजपा की सरकार ने जनहित की अनेकों योजनाएं शुरू की हैं। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में हाथ दिखाने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 12 हजार रुपये थी, जिसे भाजपा की सरकार ने 1 लाख 40 हजार तक पहुंचा दिया है। आतंकवाद और ने सलवाद पर नकेल कसी है। महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों से आगे है। पहले लाडली लक्ष्मी और अब लाडली बहना योजना के लिए मध्यप्रदेश पूरे देश में चर्चा में है। इस योजना का लाभ प्रदेश की 1 करोड़ 35 लाख बहनों को मिल रहा है। यहां स्थानीय निकाय चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पुलिस, शिक्षा विभाग सहित अन्य सरकारी नौकरियों में भी बहनों को आरक्षण दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश में शुरू की गई सीखो और कमाओ योजना बहुत आकर्षक है और इससे युवाओं को बड़ा फायदा होगा।

**डबल इंजन की सरकार कर रही कई गुना विकास**

डॉ. सावंत ने कहा कि 2003 में भाजपा की सरकार आते ही मध्यप्रदेश के पुनर्निर्माण और विकास का काम शुरू हो गया। बाद में जब केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तो डबल इंजन की सरकार में विकास का काम कई गुना तेज हो गया। डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश में अधोसंरचना का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। प्रदेश में कई वंदे भारत ट्रेन शुरू हो चुकी हैं। पर्यटन कई गुना बढ़ गया है। कांग्रेस के शासन में यहां सिर्फ 5000 मेगावाट बिजली उत्पादन होता था, लेकिन अब बिजली सरप्लस में है और दिल्ली की मेट्रो भी प्रदेश की बिजली से चल रही है। मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी बहुत काम हुआ है। प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तो कृषि का बजट 600 करोड़ रुपए था। शिवराज सरकार ने उसे बढ़ाकर 55000 करोड़ रुपए कर दिया। चाहे वह नल से जल हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, या फिर उज्जवला योजना हो, सभी में मध्यप्रदेश ने अच्छी प्रगति की है। यहां की सड़कें विश्वस्तरीय हैं।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, दीपक शर्मा, धर्मेंद्र राणा, ब्रजराज सिंह, जवाहर प्रजापति, विनय जैन, विनोद शर्मा और अरूण चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# हकीकत के धरातल में पौधरोपण शून्य

मण्डला यशोः- सघन वृक्षारोपण व जल संरक्षण के लिए हकीकत के धरातल में तेजी के साथ काम स्थायी रूप से शुरू नहीं किये जा रहे हैं। वृक्षारोपण और जलसंरक्षण के कार्य वृहद स्तर पर कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं। सरकार के द्वारा इस संबंध में या प्रयास किये जा रहे हैं यह जानने का विषय हो गया है। समाज भी सरकार के भरोसे ही बैठा हुआ है। समाज द्वारा न तो वृक्षारोपण में ध्यान दिया जा रहा है और न ही जलसंरक्षण के प्रति गंभीर दिखाई दे रहा है। समाज के कुछ प्रतिनिधि आगे आकर वृक्षारोपण और जलसंरक्षण के कार्य कर रहे हैं और इनके प्रति अपनी सजगता भी दिखा रहे हैं। पूरा समाज सो रहा है जबकि इस संबंध में सरकार के साथ साथ समाज को जागने की ज्यादा आवश्यकता है। वृक्षारोपण और जलसंरक्षण के प्रति मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य मण्डला जिले के लिए गंभीर समस्या है। समाज और सरकार दोनों के लिए जरूरी है कि आवश्यक कदम उठाएं और गहरी नींद से जागें। ग्राम पंचायतों और नवीन निकायों के माध्यम से तथा शासन प्रशासन के सभी विभागों व स्वयं सेवी संस्थानों के माध्यम से वृक्षारोपण और जलसंरक्षण के कार्य तेजी के साथ शुरू किये जाएं और इन दोनों कार्यो को जन आंदोलन का रूप दिया जाए ऐसी जनापेक्षा है। पुराने रोपित किये गये वृक्षों को सुरक्षा प्रदान किया जाए और जो भी काम इस संबंध में किये गये हैं उसकी जांच पड़ताल की जावे।

# जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



मंडला यशोः- जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि चाईल्ड लाईन में प्राप्त प्रकरणों पर बच्चों के न पहुंचने की स्थिति में समिति स्वयं विजिट कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। चाईल्ड हेल्पलाईन के संचालन हेतु रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टेंड में चाईल्ड हेल्पडेस्क स्थापित करें।

कले टर ने निर्देशित किया कि बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, नशे में लिप्त बच्चों आदि के संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री बाल आशीर्वाद योजनांतर्गत नवीन चिन्हित प्रकरणों में बच्चों के दस्तावेज प्राप्ति के लिए संबंधित विभाग सहयोग करें। डॉ. सिडाना ने निजी स्पोंसरशिप के लिए बच्चों का चिन्हांकन तथा बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों एवं योजनाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड में ल बित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मु यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत 5 दिव्यांग विद्यार्थियों को प्रदान किए गए लेपटॉप



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल द्वारा कले टर सभाकक्ष में मंगलवार 12 सित बर को 'मु यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना' अन्तर्गत दिव्यांगजनों को लेपटाप प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय एवं अपर कले टर श्री सी.एल.चनाप उपस्थित रहे।

कले टर सिंघल ने दिव्यांगजनों को लेपटाप की आवश्यकता, शैक्षणिक कार्य में लेपटाप उपयोग के संबंध में अवगत कराया गया। ''मु यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना'' अन्तर्गत जिले के 5 दिव्यांगजनो को लेपटाप प्रदाय किया गया जिसमें श्याम यादव अस्थिबाधित, शासकीय तिलक स्कूल सिवनी, बुसरा श्रवणबधित, शासकीय हाईस्कूल झीलपिपरिया, आनंद साहू अस्थिबाधित शासकीय हाईस्कूल कान्हीवाडा, सतेन्द्र पटले अस्थिबाधित, शासाकीय उच?चतर माध्यमिक स्कूल ब्यौहारी, शीतल गाडेश्वर अस्थिबाधित, शासकीय उच्च्तर माध्यमिक स्कूल खामी को प्रदाय किये गये

उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी वीरेश सिंह बघेल द्वारा योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत दिव्यांग बच्चो को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ''मु यमंत्री निःशक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना'' संचालित है। योजना का मु य उद्देश्य दिव्यांग विद्याथियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना, दिव्यांग विद्यार्थी जो दोनो पैरो से चलने में समक्ष नहीं है उनकी पहुंच शैक्षणिक संस्थाओं तक बाधारहित/ सुगम बनाना, दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित विद्यार्थियों को अध्ययन हेतु सहायक उपकरण उपलब्ध कराना एवं उच्च शिक्षा उपलब्ध कराकर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। योजनान्तर्गत मदंबुद्धि, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित दिव्यांगजनों को लेपटाप एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को मोट्रेट ट्रायसिकल प्रदान किया जाता है।

# एफएलएन मेला को लेकर कार्यशाला आयोजित कर बीआरसीसी/ बीएसी/ जनशिक्षकों दिया गया प्रशिक्षण



सिवनी यशोः- राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार मिशन अंकुर के तहत बुनियादी साक्षरता एवं सं या ज्ञान को बढ़ाने हेतु कले टर श्री क्षितिज सिंघल एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री पंवार नवजीवन विजय के निर्देशन में 14 सित बर 23 को हिंदी दिवस के अवसर में जिले की समस्त प्राथमिक शालाओ में एफ एल एन मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य बच्चों को विद्यालयीन परिवेश में गतिविधियों के माध्यम से उनके शारीरिक, मानसिक एवं भाषा विकास को बढ़ावा देने के साथ अभिभावकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करना है। जिससे बच्चो के समग्र विकास में अभिभावकों की सहभागिता को भी बढ़ावा दिया जा सके। इसी क्रम में विगत दिवस एफएलएन मेला के सफल क्रियांवयन हेतु जिलास्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री के के पटेल, जिला परियोजना समन्वयक श्री महेश बघेल श्री विपनेश जैन एपीसीए, श्री सचेन्द्र मिश्रा एपीसी एवं म.प्र. निपुण प्रोफेशनल अक्षिता नागपाल के दिशा निर्देशन में प्रतिभागियों के साथ एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनशिक्षकों को बिंदुवार गतिविधियों का प्रदर्शन कर समझाया गया। इसके उपरांत 12 एवं 13 सित बर 2023 को जनशिक्षक द्वारा जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय के एक शिक्षक को उक्त विषय पर प्रशिक्षित किया जाएगा तथा 14 सित बर 2023 को विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में एफ एल एन मेला का आयोजन किया जाएगा।

# कन्या महाविद्यालय में पुष्प की खेती से रोजगार की संभावनाओं पर दी गई जानकारी

## शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 60 घंटे की अवधि



बालाघाट। कन्या महाविद्यालय में पुष्प की खेतीसे रोजगार की संभावनाओं पर दी गई जानकारी शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 60 घंटे की अवधि का अल्पावधि स्वरोजगारोंन्मुखी प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ.निधि ठाकुर एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्?ठ की संयोजक डॉ.अनुभूति सेंडीमन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।इसी तारतय में आज दिनांक 11 सित बर को प्रशिक्षण में मु य वे ता के रूप में कुमारी प्रीति उइके सहा.प्राध्यापक गृह विज्ञान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि पुष्पों की खेती करके उससे किस प्रकार लाभार्जन किया जा सकता है। साथ ही साथ मंदिरो, घरो और संस्थानों मे पुष्पों का प्रयोग करने के पश्चात बचे हुए पुष्प से किस प्रकार एंजाईम बनाया जा सकता है, इसकी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस एंजाईम का उपयोग पौधों मे कीट के प्रभाव को रोकने एवं घरों में फर्श आदि की सफाई में किया जा सकता है। गणेश एवं दुर्गा पूजा में पुष्पों का व्यापक प्रयोग किया जाता है अतः इस प्रक्रिया से पुष्प अपशिष्ट का सदुपयोग हो सकता है।इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय छात्राओ के साथ स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ.श्वेता मोर, श्रीमती स्वाती जैन उपस्थित रही एवं आभार डॉ.अरूण बोरकर, सदस्य के द्वारा दिया गया।

# जन आशीर्वाद यात्रा आज कुरई एवं सुकतरा मंडल में

सिवनी यशोः- विधानसभा बरघाट के मंडल कुरई व मंडल सुकतरा में समृद्ध मध्यप्रदेश की जन आशीर्वाद यात्रा 13 सितंबर को कुरई एवं सुकतरा मंडल में आगमन होगा। यात्रा में यात्रा संयोजक उदय प्रताप सिंह सांसद होशंगाबाद सह संयोजक यात्रा सहप्रभारी श्री अभिलाष पांडे जी, मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन जी, ,सिवनी बालाघाट सांसद, डॉ ढालसिंह बिसेन, मध्य प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री रामकिशोर (नानू ) कांवरे, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एव भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भारतीय जनता पार्टी जिला सिवनी के लोकप्रिय अध्यक्ष आलोक दुबे जी, भाजपा जिला संयोजक दादा वेदसिंह ठाकुर , विधानसभा के पूर्व विधायक व भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले, जिला महामंत्री व विधानसभा के प्रभारी अजय डागोरिया, विधानसभा की संयोजक व पूर्व जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, विधानसभा यात्रा प्रभारी श्रीमती गोमती ठाकुर, विधानसभा यात्रा सहप्रभारी एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक श्याम सिंह कुमरे सहित सभी भाजपा के पदाधिकारी सिरकत करेंगे रथ यात्रा का प्रारंभ पीपरवानी रथ सभा 3:00 पिंडरई रथ सभा 3:20 में रामपुरी रथ सभा 3:30 बहिदाबाद 3:40 रिड्डी 3:50 मेटीवनी 4:00 बजे पिपरिया 4:10 कोदाझिरी 4:20 कुरई रथ सभा 4:30 मोहगांव रथ सभा 5:30 सुकतरा रथ सभा 5:40 पोतलई रथ सभा 6:00 थांवरझोड़ी रथ सभा 6:10 बादलपार रथ सभा 6:30 घटकोंहका रथ सभा 7:00 बजे बरेलीपार रथ सभा 7:15 कर्माझिरी रथ सभा 7:30 बजे। रात्रि विश्राम कार्माझिरी दिनांक 14/9/2023दिन गुरुवार को सुबह सुकतरा मंडल के ग्राम विजयपानी रथ सभा 9:00 बजे सिमरिया रथ सभा 9:15 सागर रथ सभा 9:30 ग्वारी रथ सभा 9:45 जोगीवाडा रथयात्रा 10:00 बजे चक्की खमरिया रथ सभा 10:15 बजे एवं 10:30 बजे विधानसभा चौरई के लिए प्रस्थान हो जाएगी। यात्रा का सभी कार्यकर्त्ताओं से स्वागत करने का आग्रह किया गया है।

# मतदाता जागरूकता अंतर्गत विविध आयोजन




मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाई जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न छात्रावासों में विद्यार्थियों द्वारा विविध आयोजन किए गए। छात्र-छात्राओं ने 'मतदान यों आवश्यक' विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा मतदान की आवश्यकता के बारे में अपने विचार लिखे। इसी कड़ी में मोहगांव तथा घुघरी के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में स्वीप गतिविधियों अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मतदान से संबंधित चित्र बनाकर विद्यार्थियों द्वारा नैतिक मतदान का संदेश दिया गया।

# सतना के टिकुरिया गांव में उल्टी-दस्त से चार दिन में चार की मौत, हैंडपंप का पानी लेने पर लगाई पाबंदी



सतना। सतना जिले के रामपुर बाघेलान क्षेत्र अंतर्गत टिकुरिया गांव में गंदगी, दूषित जल एवं वर्षा जनित बीमारी जानलेवा बन गई हैं। टिकुरिया गांव में उल्टी-दस्त के बढ़ते प्रकोप ने चार दिन में चार लोगों की मौत हो गई। इन मौतों के बाद जिले का स्वास्थ्य अमला हरकत में आया है। गांव में हेल्थ चेकअप शुरू कर दिया गया है और एहतियात तौर पर हैंडपंप का पानी इस्तेमाल करने पर पाबंदी लगा दी गई है।

जानकारी के अनुसार, रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम टिकुरिया में डायरिया की बढ़ती आशंका के बीच 6 से 10 सितंबर के बीच बच्चों समेत 4 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में राज कोल पिता रामकरण (10), राजा कोल पिता श मी कोल (45), केमला कोल (90) और दुअसिया कोल (8) शामिल हैं।

बताया जाता है कि राजा कोल को 6 सितंबर को उल्टी दस्त के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां से अगले दिन उसे छुट्टी दे दी गई। वह गांव पहुंचा और उसी दिन उसकी मौत हो गई। राज कोल ने अस्पताल पहुंचने के पहले ही दम तोड़ दिया, जबकि दुअसिया और केमला की भी मौत गांव में ही हो गई। हालांकि स्वास्थ्य विभाग भी तक इन मौतों को स्वाभाविक बता रहा है। टिकुरिया गांव में हो रही मौतों की खबर से हड़कंप मचने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम टिकुरिया पहुंची और लोगों का मेडिकल चेकअप शुरू कर दिया गया।

रविवार को सीएमएचओ डॉ. एलके तिवारी, बीएमओ डॉ आरके सतनामी, एपिडेमियोलॉजिस्ट प्रदीप गौतम मेडिकल स्टाफ के साथ टिकुरिया पहुंचे। टीम ने यहां सर्वे शुरू कर 6 लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया है। जिला अस्पताल लाए गए लोगों में सतीश कोल, चंदू कोल, अमित कोल, दुर्गा कोल, रागिनी कोल एवं नीरज कोल शामिल हैं। इधर टिकुरिया गांव में लोगों के उल्टी दस्त से पीड़ित होने और चार दिन में चार मौतें हो जाने के बावजूद यहां तैनात एएनएम और आशा कार्यकर्ता इस पूरी स्थिति से बेखबर ही रहीं। उन्होंने न तो ग्रामीणों की सुध ली और न ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। उन्हें नोटिस देकर जवाब तलब किया गया है।

अधिकारियों का कहना है कि एहतियात तौर पर ग्रामीणों को हैंडपंप का पानी इस्तेमाल करने से रोक दिया गया है। पीएचई के अमले को जल का शुद्धिकरण करने के लिए भी कहा गया है। फिलहाल ग्रामीणों की जरूरत पूरी करने के लिए यहां टैंकर से पानी भेजा जाएगा।

# दायित्व के निर्वहन में संवेदनशीलता बरतें - डॉ. सिडाना

**जनहित तथा परिवार सहायता के प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करें समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर के निर्देश**



मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन में संवेदनशीलता बरतें। जनहित तथा परिवार सहायता से संबंधित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकृत करें। जिला योजना भवन में संपन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट सहित सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कले टर ने निर्देशित किया कि बैगा आहार अनुदान, लाड़ली लक्ष्मी योजना, वृद्धावस्था पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवाईसी की कार्यवाही जल्द पूर्ण करें। पेंशन प्रकरणों को समय पर निराकृत करें। मनरेगा में रोजगारमूलक कार्यो को प्राथमिकता प्रदान करें। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कले टर ने नियमानुसार स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत निर्माण कार्यों में निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कार्य को जल्द प्रारंभ कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें। कले टर ने निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार शाला भवनों की मर मत कराएं। संबंधित विभाग शाला भवनों में बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समस्त स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों की ड्रिंकिंग वाटर यूनिट की जानकारी एकत्र कर आवश्यकतानुसार सुधार की कार्यवाही करे। मध्यान्ह भोजन का उठाव समय पर सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग सड़कों की आवश्यक मर मत कराएं। कले टर ने नवीन शिक्षकों के मानदेय भुगतान की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह की पहली तारीख को वेतन देना सुनिश्चित करें।

डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाईन एवं टीएल के प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण करें। बैठक में कले टर ने जल-जीवन मिशन, हालोन परियोजना, आयुष्मान कार्ड वितरण, वन अधिकार पट्टा, सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण, नेशनल वार्मिंग डे की तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित जरूरत मन्द

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जरूरतमंदों को मकान बनाने के लिए राषि आवंटित नहीं की जा रही है। पूर्व में स्वीकृत आवासों का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई दण्डात्मक कार्यवाही नही किये जाने की वजह से केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की मंडला जिले में दुर्गति हो गई है। आज भी पूर्व में स्वीकृत आवास आधे अधूरे पड़े हुए हैं एक भी ऐसा आवास नहीं है जो पूरी तरह पूरा बन पाया हो। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत में आवास स्वीकृत नहीं किये जा रहे हैं। नए आवास बनाने वालों की लंबी सूची है जिसे पूरा करने में संभवतः शासन प्रषासन का पसीना छूट रहा है। सभी जरूरतमंद नए आवास स्वीकृत होने की राह ताक रहे है। लगातार जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाईन में षिकायत भी कर रहे हैं इसके बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं। इस संबंध में मंडला जिले की तहसील नैनपुर में घोर लापरवाही चल रही है। पुराने आवासों को पूरा नहीं किया जा रहा है। और नए आवास स्वीकृत करने के लिए परिणामकारी कार्यवाही शासन प्रषासन के माध्यम से कराने हेतु जनपद पंचायत के मु य कार्यपालन अधिकारी द्वारा नहीं की जा रही है। जनापेक्षा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के नये आवास शीघ्र स्वीकृत किये जावें।

# संत रविदास कर्मण पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

मण्डला। मध्यप्रदेश शासन अनुसूचित जाति कल्याण विभाग भोपाल द्वारा संत रविदास स्मृति पुरस्कार नियमों के तहत संत शिरोमणि रविदास महाराज का सामाजिक जागरण, समरसता, सदभाव समाज सेवा तथा अध्यात्म के क्षेत्र में योगदान के लिये संत रविदास कर्मण पुरस्कार (रूपये 5 लाख नगद एवं स्मृति पट्टिका) मु यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत स्थापित सफल उद्यम, व्यवसायों में अग्रणी उपलब्धि प्राप्त एवं संत रविदास सामाजिक समरसता पुरस्कार (रूपये 2 लाख नगद एवं प्रसंशा पट्टिका) अनुसूचित जाति के हितों में उत्कृष्ट कार्य एवं सेवा करने वाले समाज सेवकों से विभागीय पोर्टल ीजजचेरूध्ध्ेबकमअमसवचउमदजउचण्दपबण्पदध् के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। विभागीय पुरस्कार हेतु शासन द्वारा निर्धारित नियमावली उल्लेखित पोर्टल में उपलब्ध है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगोर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक- मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297